तापमान

अधिकतम 29 .0 डिग्री
न्यूनतम 26 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शनिवार, 2 अगस्त 2025



12 कांग्रेस खोखला नारा देने वाली पार्टी : अर्चना गुप्ता



12 सीजेएम ने किया कलाम बाल आश्रम का निरीक्षण




## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की जान गई

**जींद।** रोहतक रोड बाईपास पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। शहर थाना पुलिस ने फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बराहखुर्द निवासी भूपेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव का ही उसका दोस्त हैप्पी (17) स्कूटी पर सवार रोहतक रोड बाईपास से गुजर रहा था।

### बाइक की चपेट में आने से बच्ची घायल

**कैथल।** रबारियां मोहल्ला में हुई सड़क हादसे में एक 9 साल की बच्ची घायल हो गई। अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। रबारियां मोहल्ला के सचिन ने शहर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 25 जुलाई को बेटी गली से जा रही थी तो प्रताप गेट कैथल के वरुण नामक युवक ने बाइक को तेज गति लापरवाही से चलते उसकी बेटी को चपेट में ले घायल कर दिया।

### मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये के जेवर चोरी

**जींद।** जुलाना के वार्ड 13 से बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड कर सोना व चांदी के जेवरात को चोरी कर लिया। चोरीशुदा जेवरातों को कीमत दो लाख रुपये बताई जा रही है। जुलाना थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। जुलाना के वार्ड 13 निवासी ताना सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया की बीती रात वह परिवार समेत अपने कमरे मे सोए हुए थे।

### कातिलाना हमला करने के मामले में आरोपी काबू

**कैथल।** ढांड क्षेत्र में एक युवक पर कातिलाना हमला करने के मामले की जांच थाना ढांड एसएचओ एसआई रेखा की अगुवाई में एएसआई सुरेश कुमार की टीम द्वारा करते आरोपी गांव पबनावा निवासी राजेश को काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिला यमुनानगर के गांव पम्मुवाला निवासी रामकुमार की शिकायत पर मामला दर्ज किया था।

### कार में रखा नकदी तथा दस्तावेजों का बैग चोरी

**जींद।** रानी तालाब के निकट खड़ी कार से किसी व्यक्ति ने उसमे रखे बैग को चोरी कर लिया। बैग में नगदी के अलावा जरूरी दस्तावेज थे। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज किया है। उचाना खुर्द निवासी शुभम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कार्यवश जींद आया हुआ था। उसने रानी तालाब के निकट अपनी गाड़ी को खड़ा किया था। पीछे से किसी व्यक्ति ने गाड़ी में रखे बैग को निकाल लिया।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार साइबर अपराधियों पर शिकंजा भी कसा जा रहा है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढाने के नाम पर धोखाधड़ी के मामले की जांच दौरान थाना साइबर क्राइम एसएचओ पीएसआई शुभ्रांशु की अगुवाई में एसआई रविंद्र सिंह की टीम द्वारा आरोपी दिल्ली निवासी साक्षी, खुशबू, अविशका, प्रदीप कुमार, मोहित, विरेंद्र सिंह, रोहित, साहिल, नितिन, को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया।

### नाबालिग लापता, दो पर अपहरण का मामला दर्ज

**जींद।** गांव गतौली से नाबालिग लड़की के संदिग्ध हालात में गायब होने पर जुलाना थाना पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। गांव गतौली निवासी एक महिला ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

### बाइक व फोन चोरी के मामले में आरोपी काबू

**कैथल।** मकान से बाइक व फोन चोरी के मामले के मामले की जांच दौरान सीआईए-1 पुलिस प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एसआई प्रदीप की संयुक्त टीम द्वारा आरोपी मंडी सदरा निवासी बूटा सिंह को काबू कर लिया गया।

---

### 4.30 करोड़ खर्च के बावजूद ड्रेनेज लाइन ठप, मंडी में 2 से 3 फीट तक पानी

# पूंडरी वासियों के लिए बरसात बनी आफत सड़कें बनी तालाब, वाहन चालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी में हलकी बारिश भी लोगों के लिए आफत बन गई है। पूंडरी अनाज मंडी और उससे जुड़ी सड़कों पर जलभराव की गंभीर समस्या से स्थानीय निवासी, व्यापारी, स्कूली बच्चे और वाहन चालक बुरी तरह परेशान हैं। दोनों मंडियों के बीच की सड़क पर हालात ऐसे बन चुके हैं कि सड़क कम, नदी ज्यादा नजर आती है।

हरियाणा मार्केटिंग बोर्ड द्वारा अनाज मंडी क्षेत्र में लगभग 4.30 करोड़ रुपये की लागत से ड्रेनेज सिस्टम के तहत सीवरेज लाइन बिछाई गई थी, ताकि पानी निकासी की समस्या हल हो सके। लेकिन हैरानी की बात है कि ये लाइन अभी तक चालू ही नहीं हो पाई है।इतना ही नहीं, जहां यह लाइन बिछाई गई है, वहां अभी अधूरी मरम्मत और कच्ची सड़कों के चलते और अधिक खतरनाक बन गया है। वहां से गुजरने वाले लोग और खासकर दोपहिया वाहन चालक आए दिन फिसलकर गिर जाते हैं। जैसे ही बारिश होती है, अनाज मंडी के सभी गेटों और प्लेटफार्म से सटी सड़कों पर दो से तीन फीट तक पानी भर जाता है। इस जलभराव में राहगीरों के साथ-साथ दुकानदारों और मजदूरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पूंडरी बस स्टैंड से पूंडरी तक जो मुख्य सड़क जाती है, उस पर सरकारी अस्पताल, कन्या महाविद्यालय, सरकारी स्कूल, बाजार सहित कई महत्वपूर्ण संस्थान स्थित हैं। यह सड़क इतनी बुरी हालत में है कि पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। स्कूल के छोटे बच्चे जब बारिश के बाद घर से तैयार होकर निकलते हैं, तो जलभराव से भरी सड़कों से गुजरते समय फिसलकर गिर जाते हैं। कई बार यह दृश्य हंसी का पात्र बनता है, लेकिन यह वास्तव में एक बड़ी समस्या है, जो हर दिन बच्चों की सुरक्षा और सम्मान दोनों को चोट पहुंचाती है।

#### जींद में दूसरे दिन भी बारिश की फुहारों से धरती सराबोर



पूंडरी। दूषित पानी से निकलते स्कूली बच्चे। फोटो :हरिभूमि



जींद। बारिश के पानी के बीच से गुजरते वाहन। फोटो :हरिभूमि

#### सीवरेज का काम अधूरा

मंडी में सीवरेज व्यवस्था का काम अधूरा पड़ा हुआ है। बारिश से एकसाथ पानी जमा हो जाता है, जिसके निकलने में समय लगता है। *गुलाब सिंह, सचिव मार्केट कमेटी पूंडरी।*

#### दिनभर मौसम बना रहा सुहाना

**जींद।** मानसून की सक्रियता के चलते दूसरे दिन शुक्रवार को भी बारिश की फुहारों से मौसम सुहाना बना रहा। फसलों को भी अच्छा खासा फायदा पहुंच रहा है। बारिश ने फसलों में पानी की कमी को भी कुछ हद तक पूरा कर दिया है। तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। जिले में औसतन 17.2 एमएम बारिश दर्ज की गई। जबकि अलेवा में 47 एमएम सबसे ज्यादा बारिश दर्ज की गई। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 26 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 80 प्रतिशत तथा हवा कि गति 11 किलोमीटर प्रतिघंटा दर्ज की गई। आकाश में बादलों के छाने से बारिश के आसार भी बने रहे। शुक्रवार को दिन का आगाज आकाश में छाए बादलों तथा हलकी फुहारों के साथ हुआ। दिन चढने के साथ बादल हलके हो गए और मौसम सुहाना बना रहा। शाम को मौसम ने करवट ली और काली घटा छा गई। जिसके साथ बारिश शुरू हो गई। हालांकि बारिश ज्यादा देर जारी नही रही। फिर भी बारिश ने काफी राहत देने का काम किया। आकाश में छाए बादलों से बारिश के आसार भी बने रहे। पिछले 24 घटो के दौरान जिले मे औसतन 17.2 एमएम बारिश दर्ज की गई। कहीं पर बूंदाबांदी तो कहीं पर अच्छी बारिश दर्ज की गई।

---



जींद। इमरजेंसी वार्ड बढ़ाए जाने को लेकर सीएमओ जानकारी देते डा. भोला।

## जींदः इमरजेंसी वार्ड को जल्द से जल्द 20 बैड का करने के निर्देश

- सीएमओ ने अधिकारियों के साथ अस्पताल का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नागरिक अस्पताल की सीएमओ डा. सुमन कोहली ने शुक्रवार को सुबह चिकित्सा अधिकारियों के साथ अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में एमरजेंसी वार्ड, लेबर रूम, लैब, ओपीडी वार्ड, ओआरएस सेंटर का दौरा किया और साथ ही अस्पताल में तैनात चिकित्सकों व अन्य स्टाफ सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शुक्रवार सुबह सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली सबसे पहले अस्पताल के एमरजेंसी वार्ड का दौरा किया। वहां पर उन्होंने स्टाफ सदस्यों की उपस्थिति के साथ-साथ साफ.-सफाई इत्यादि को देखा। उन्होंने उच्च अधिकारियों द्वारा एमरजेंसी वार्ड को दस से 20 बैड का बनाए जाने के कार्य को लेकर प्रगति रिपोर्ट जानी। जिस पर डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि एमजरेंसी वार्ड को बढाए जाने को लेकर वार्ड के पीछे के कमरे को एमरजेंसी में मिलाया जाएगा। जिस पर कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके बाद उन्होंने अस्पताल में लैब, लेबर रूम तथा वार्डों का दौरा किया तथा मरीजों से बातचीत की। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि चिकित्सकों के अलावा स्टाफ नर्स, सिक्योरिटी गाड्र्स, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हमेशा ड्यूटी पर तैनात रहने चाहिए। वो वर्दी में ही अस्पताल में आए। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि चिकित्सक व अन्य पैरा मेडिकल स्टाफ यूनिफार्म में रहें। चिकित्सक व स्टाफ नर्स ये सुनिश्चित करें कि आपातकालीन दवाएं व उपकरण हर समय उपलब्ध होने चाहिए। प्रत्येक शिफ्ट में इन दवा व उपकरण की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। अस्पताल परिसर में साफ.-सफाई बनाए रखने के भी निर्देश दिए। साथ डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, एमएस डा. अरविंद, डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल सहित नर्सिंग स्टाफ मौजूद रहा।

---

## दूषित पानी की निकासी न होने से डिफेंस कॉलोनीवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शहर की पॉश कॉलोनी डिफेंस कॉलोनी में गंदे पानी की निकासी नहीं होने के कारण गलियों में पानी भरा है। कॉलोनीवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गलियों में पानी भरा होने के कारण यहां की गलियां भी टूट रही हैं और मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। इससे कॉलोनी में डेंगू फैलने का खतरा बना हुआ है। कॉलोनी वासियों ने प्रशासन से गंदे पानी की निकासी करवाने व फोगिंग करवाने की मांग की है। कर्नल सूरजमल, संदीप, अंजना रेढ़ू, नीलम देशवाल व सुमित्रा ने बताया डिफेंस कॉलोनी में 4241 के आसपास की गलियों में गंदे पानी की निकासी के लिए नाला नहीं बना है। इसके चलते बरसात का सारा पानी गलियों में भर जाता है। यहां गलियों में गंदा पानी भरा होने के कारण कॉलोनीवासियों का घर से निकलना भी दुर्भर हो रहा है। वहीं गंदे पानी के कारण कॉलोनी में मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। इससे कॉलोनी में डेंगू फैलने का भय बना हुआ है। कॉलोनीवासियों ने कहा कि एक तरफ तो स्वास्थ्य विभाग लोगों को घर-घर जाकर डेंगू के प्रति जागरुक करने का काम कर रहा है वहीं दूसरी तरफ डिफेंस कॉलोनी में मच्छरों की भरमार के बावजूद भी यहां फॉगिंग नहीं की जा रही है।



जींद। डिफेंस कॉलोनी की गलियों में भरा बरसात का पानी।

---

## सीएम फ्लाइंग का गैस एजेंसी पर छापा, अनियमितता मिली

- 142 सिलेंडरों से भरा गली में खड़ा मिला कैंटर, नाम और पता कुछ नही लिखा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीएम फ्लाइंग तथा खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की संयुक्त टीम द्वारा शुक्रवार का गांव घसो कलां के निकट गैस गोदाम पर की गई छापेमारी के दौरान स्टॉक में भारी अनियमितता समेत अन्य खामियां पाई गई हैं।

सीएम फ्लाइंग द्वारा छापेमारी की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय को भेज दी। आगामी कार्रवाई खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा अमल में लाई जाएगी। सीएम फ्लाइंग को शिकायत मिली थी कि घरेलू गैस सप्लाई करने वाली एजेंसिया सही से कार्य नही कर रही है। शिकायत के आधार पर सीएम फ्लाइंग के एएसआई कर्मबीर, सतपाल, चरण सिंह की संयुक्त टीम बनाई गई। जिसमें खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की एफएसओ बबीता ढुल, इंसपेक्टर सुरेश कुमार को भी टीम मे शामिल किया गया। संयुक्त टीम ने गांव घसो कलां के निकट मैसेर्ज धर्मेंद्र इंडेन गैस एजेंसी पर दस्तक दी। मौके पर एजेंसी का मैनेजर सुमित मिला। टीम ने गोदाम का निरीक्षण किया तो 14.2 किलोग्राम के भरे सिलेंडर 146 होने चाहिए थे लेकिन भरे सिलेंडर 194 पाए गए। जोकि 48 सिलेंडर अधिक थे। 19.2 किलोग्राम के सिलेंडर भी तीन कम पाए गए। गोदाम का स्टॉक बोर्ड अपडेट नही था। डिलीवरी मैन वर्दी में नही पाया गया। एजेंसी के बाहर लोड गाड़ी में 142 व्यापारिक सिलेंडर पाए गए। जिस पर गैस एजेंसी का नामपता नही लिखा था। अग्निशमन यंत्रों की एक्सपायरी डेट भी पांच अगस्त तक पाई गई। सीएम फ्लाइंग ने विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय को भेज दिया है। आगामी कार्रवाई खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा अमल में लाई जाएगी।



जींद। जांच करते टीम । फोटो :हरिभूमि

---

### रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**जींद।** पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय खुंगा कोठी के प्राचार्य धनीराम शर्मा ने बताया कि सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय में रिक्त सीटों को भरने के उद्देश्य से ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। यह प्रवेश शुद्ध रूप से मेरिट आधार पर किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने सत्र 2024-25 में सीबीएसई बोर्ड से कक्षा 10वीं उत्तीर्ण की है, उन्हें प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। आवेदन के लिए विद्यार्थी की जन्मतिथि एक जून 2008 से 31 जुलाई 2010 दोनों तिथियां सम्मिलित के मध्य होनी अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन भेजने के इच्छुक विद्यार्थी अपना आवेदन विद्यालय की ईमेल आईडी जेएनवीजींद एट द रेट ऑफ जीमेल पर आगामी 10 अगस्त तक प्रेषित कर सकते हैं।

### यूपीएस और एनपीएस के विरोध में उतरे प्राध्यापक

**जींद।** हरियाणा सरकार द्वारा एक अगस्त 2025 से लागू की गई एकीकृत पेंशन योजना यूनिफाई पेंशन स्कीम (यूपीएस) तथा पहले से लागू नई पेंशन योजना (एनपीएस) के विरोध में शुक्रवार को राजकीय महिला महाविद्यालय के सभी नियमित कर्मचारियों ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रधान डा. राजेश बूरा, डा. सुमिता आशरी, रवि कुमार, डा. रितू, प्रवीण कुमार ने इसे सरकारी सेवाओं में कार्यरत कर्मचारियों के साथ अन्याय बताया और सरकार से पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को तुरंत बहाल करने की माँग की। कर्मचारियों ने कहा कि एक सरकारी कर्मचारी अपने जीवन के 30 से 35 वर्ष देश सेवा में समर्पित करता है और इसके बदले उसे सेवानिवृत्ति के बाद न्यूनतम आर्थिक सुरक्षा मिलना उसका वैधानिक और नैतिक अधिकार है।

---

## 48 अधिकारी व कर्मचारी मिले गैरहाजिर

#### एडीसी एवं जिला नगर आयुक्त ने किया नगर परिषद कार्यालय का निरीक्षण

- नोटिस जारी कर मांगा जवाब
- समय पर पहुंच कर आमजन के कार्य करना अधिकारियों व कर्मचारियों का कर्तव्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एडीसी एवं जिला नगर आयुक्त दीपक बाबूलाल करवा ने शुक्रवार को सुबह साढ़े नौ बजे नगर परिषद कैथल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान 48 अधिकारी / कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। जिनके खिलाफ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है। हालांकि निरीक्षण के दौरान कार्यकारी अभियंता, सचिव व पालिका अभियंता मौजूद पाए गए। एडीसी एवं जिला नगर आयुक्त दीपक बाबूलाल करवा ने अभी हाल ही में नगर परिषद का चार्ज मिला है। शुक्रवार को सुबह ही वे नगर परिषद में पहुंच गए और सभी शाखाओं का एक एक करके निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होंने कार्यालय परिसर में साफ सफाई, हाजिरी रजिस्टर सहित रिकॉर्ड आदि भी चेक किए और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निरीक्षण में करीब 48 अधिकारी व कर्मचारी गैर हाजिर मिले। जोकि उन द्वारा की गई एक गंभीर लापरवाही है। सभी संबंधित अधिकारियों / कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि इस बारे अपना स्पष्टीकरण जिला नगर आयुक्त कार्यालय में भिजवाएं अन्यथा उनके खिलाफ अनुशासनिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

#### सुशासन की दिशा में काम करें

उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालयों में समय पर पहुंच कर आमजन के कार्य करना अधिकारियों व कर्मचारियों का कर्तव्य है। सभी अधिकारी व कर्मचारी समय पर अपने कार्यालय पहुंचे और आमजन की सुनवाई करें और फाइलों का लंबित न रखें। इस मामले में यदि कोताही पाई जाती है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी अधिकारियों/कर्मचारियों अनुशासन में, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा व सत्यनिष्ठा से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करते हुए सुशासन की दिशा में काम करें।

---

## नहर में डूबे युवक का शव 42 घंटे बाद बरामद

- हांसी ब्रांच नहर में गोताखोर तथा किश्ती की मदद से मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जयंती देवी मंदिर के निकट हांसी ब्रांच नहर में डूबे युवक का शव शुक्रवार शाम को 42 घंटे बरामद हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया है। हालांकि दूसरे दिन शुक्रवार को गोताखोरों के साथ किश्ती को भी उतारा गया। काफी दूर नहर में तलाशी अभियान चलाया गया था लेकिन युवक का सुराग नही लगा था। शाम को बीड पुल के पास रेत में दबा हुआ युवक का शव बरामद हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्या था मामला विश्वकर्मी कालोनी निवासी मोहित (26) कालोनी के ही रामबिलास व एक अन्य के साथ 30 जुलाई देर रात को गया था। 31 जुलाई अलसुबह जयंती देवी मंदिर के निकट हांसी ब्राच नहर में नहाते समय डूब गया। बुधवार को दिनभर नहर में तलाशी अभियान चला लेकिन मोहित का कोई सुराग नही लगा था। नहर में डूबे मोहित को तलाशने के लिए एसडीआरफ के गोताखोर किश्ती के साथ हासी ब्रांच नहर में उतरे थे। दिनभर नहर में काफी दूर तक सर्च अभियान चला था।

---

#### बिना दस्तावेज़ों के चल रही स्वच्छता गाड़ी को विधायक ने रुकवाया

# कांगथली में सफाई टेंडर में भारी गोलमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

कांगथली गांव में बड़ी लापरवाही का पर्दाफाश हुआ जब स्थानीय विधायक देवेंद्र हंस ने स्वयं मौके पर पहुंचकर सुगम स्वच्छता की एक कचरा संग्रहण गाड़ी को रुकवाया। यह गाड़ी बिना किसी वैध दस्तावेज़, फिटनेस प्रमाणपत्र, बीमा या अधिकृत अनुबंध की प्रति के चल रही थी।

सबसे गंभीर बात यह थी कि गाड़ी में कचरा खुले में ढोया जा रहा था, जो साफ़ तौर पर स्वच्छता नियमों और सार्वजनिक स्वास्थ्य मानकों का उल्लंघन है। विशेष बात यह है कि यही कंपनी सुगम स्वच्छता को सीवन, चीका नगर पालिका सहित कई अन्य स्थानीय निकायों में 22 वर्षों का लंबा ठेका दिया गया है। इसके बावजूद, कंपनी की कार्यप्रणाली न केवल शिथिल है, बल्कि पूरी तरह गैर-जिम्मेदाराना भी है। विधायक देवेंद्र हंस ने बताया कि उन्हें बीते कई महीनों से सीवन और चीका नगर पालिका के नागरिकों द्वारा लगातार शिकायतें मिल रही थीं। लोगों ने बताया कि नियमित रूप से कचरा नहीं उठाया जाता, जगह-जगह गंदगी फैली रहती है और कंपनी के कर्मचारी केवल कागजों पर काम करते हैं। विधायक ने मौके पर मीडिया को संबोधित करते हुए कहा यह कंपनी पूरे सिस्टम का मज़ाक बना रही है। खुले में कचरा ढोना, बिना कागजों के वाहन चलाना ये साफ़ संकेत है कि न कंपनी को काम की चिंता है और न प्रशासन को निगरानी की। सरकार ने जिस भरोसे से इस कंपनी को 22 साल का टेंडर दिया, अब वही भरोसा टूटता दिख रहा है।



#### कंपनी के खिलाफ तत्काल जांच की जाए

सरकार से सीधा सवाल उठाया कि ऐसी गैर-जिम्मेदार कंपनी को इतना लंबा ठेका आखिर किस आधार पर दिया गया। देवेंद्र हंस ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि कंपनी के खिलाफ तत्काल जांच की जाए, गाड़ी को जब्त किया जाए और सुगम स्वच्छता के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई शुरू की जाए। उन्होंने यह भी मांग की कि ऐसी कंपनियों को भविष्य के लिए ब्लैकलिस्ट किया जाए और वर्तमान ठेका रद्द कर, एक नई पारदर्शी प्रक्रिया के तहत स्वच्छता कार्य सौंपा जाए।

---

### नाबालिग के गर्भवती होने पर फूटा बाल वधु का भांड़ा

**जींद।** नाबालिग लड़की के गर्भवती होने से बालिका वधु होने का भंडा फूट गया। चिकित्सक की शिकायत पर उचाना थाना पुलिस ने पीड़िता के माता-पिता तथा पति के खिलाफ बाल विवाह निषेध अधिनियम, यौन शोषण करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। उचाना थाना पुलिस ने मामला बिहार का होने के कारण जीरो एफआईआर दर्ज कर वहा भेज दी है। उचाना नागरिक अस्पातल के एसएमओ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उचाना थाना इलाके में रहने वाला दंपति 14 वर्षीय लड़की को चैकअप कराने के लिए अस्पताल लेकर आए थे। दंपत्ति लड़की के माता-पिता थे। जब उसने लड़की की जांच की तो वह लगभग दो माह की गर्भवती थी। जब उसने लड़की के आधार कार्ड पर जन्मतिथी को देखा तो वह महज 14 वर्ष की थी।

## खबर संक्षेप

### घर में घुस हमला करने पर चार नामजद

जींद। गांव रामनगर घर में घुस कर मारपीट करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव रामनगर निवासी बलकार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी बलवान परिवार के साथ रंजिश चली आ रही है। उसी रंजिश के चलते बलवान परिवार उसके घर में घुस आया और हमला कर दिया। जिसमें काफी चोटें आई।

### समस्या का हो जल्द समाधानः अशोक

उचाना। नगर पालिका सचिव अरविंद कुमार का बीते दिनों तबादला होने के बाद सचिव के पद पर अशोक कुमार ने कार्यभार संभाला। थानेसर ने अशोक कुमार का उचाना तबादला हुआ। नपा कर्मियों के साथ मीटिंग करते हुए सचिव ने निर्देश दिए कि किसी भी तरह की समस्या लोगों को नहीं आने चाहिए। प्रोपर्टी आईडी सहित जो-जो कार्य लेकर नपा में वार्डों से लोग आए तो उनका काम जल्द से जल्द करें।

### जिला स्तरीय वन महोत्सव का आयोजन चार को

जींद। डीएफओ पवन ग्रोवर ने बताया कि चार अगस्त सोमवार को बीड़ बडा वन में सुबह 11 बजे जिलास्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा, बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेंगे। इसके साथ-साथ सफीदों विधायक रामकुमार गौतम तथा उचाना के विधायक देवेंद्र अत्री विशिष्ठ अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### जिला योगासन खेल प्रतियोगिता दस से

जींद। जिला योगासन खेल प्रतियोगिता 10 से 11 अगस्त को आयोजित की जाएगी। जिला योगासन खेल संगठन के अध्यक्ष डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने बताया कि मौसम प्रतिकूल होने के कारण डीएवी पब्लिक स्कूल जींद में दो और तीन अगस्त को होने वाली जिला की योग चैंपियनशिप अब 10 और 11 अगस्त को होगी। जिसमें जिला के सभी स्कूल, व्यायाम शालाएं, योग संगठन, कॉलेज और यूनिवर्सिटी के छात्र अध्यापक भाग ले सकेंगे।

### डिपो संचालक पर राशन कालाबाजारी का केस दर्ज

जींद। पिल्लूखेड़ा में गरीबों को राशन डकारने के मामले में पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने आरोपित राशन डिपो होल्डर के आवश्यक वस्तु काला बाजारी निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के एफएसओ मोहित कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सीएम फ्लाइंग के साथ पिल्लूखेड़ा में राशन डिपो संचालक मनोज के डिपो पर छापा मारा गया था।

### बीमा योजना नागरिकों के लिए कारगर साबित

जींद। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना नागरिकों के लिए कारगर सिद्ध हो रही है। इन योजनाओं के फार्म प्रत्येक बैंक व डाकघर में उपलब्ध हैं। इन योजनाओं में निर्धारित वार्षिक प्रीमियम जमा करवा कर दो लाख रुपए तक का बीमा होता है।

### भाजपा की प्रदेश महामंत्री ने अभियानों की समीक्षा की

# कांग्रेस खोखला नारा देने वाली पार्टी : अर्चना गुप्ता

### भाजपा सरकार में लगातार महिलाएं स्वावलंबी बन रही : प्रदेश महामंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भाजपा की प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता ने जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, मंडल प्रभारियों और महामंत्रियों की बैठक ली। बैठक में डा. अर्चना गुप्ता ने चल रहे अभियानों की समीक्षा की और आगामी कार्यक्रमों की योजना रचना पर विस्तृत चर्चा कर जरूरी दिशा निर्देश दिए। डा. गुप्ता ने कहा कि तिरंगा यात्रा के लिए चार स्दस्यीय कमेटी का गठन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने किया है। इस कमेटी में असीम गोयल को संयोजक मनीष यादव, आदित्य बतरा और मीना परमार को सह संयोजक नियुक्त किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सभी 377 मंडलों में तिरंगा यात्रा निकालेगी। इसलिए सभी कार्यकर्ता एकजुटता से इस कार्यक्रम को सफल बनाए और अधिक से अधिक लोगों को तिरंगा यात्रा में शामिल करें। डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि 14 अगस्त 1947 का दिन भारत के इतिहास में त्रासदीपूर्ण दिन के रूप में दर्ज है। विभाजन के समय लाखों लोगों ने शहादत दी थी। उन्होंने कहा कि 14 अगस्त को फरीदाबाद में विभाजन विभीषिका पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम होगा। जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह, मंत्री और विधायकों के अलावा प्रदेशभर के कार्यकर्ता शामिल होंगे। डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि जिला स्तर पर भी विभाजन विभीषिका पर कार्यक्रम होंगे। प्रदेश महामंत्री ने बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते कांग्रेस पार्टी को घेरा ओर उन्होंने कहा कि कांग्रेस खोखला नारा देने वाली पार्टी है। कांग्रेस ने गरीबी हटाओ का नारा दिया लेकिन गरीबी नहीं हटाई। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वह संकल्प के साथ पूरा करती है। भाजपा ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा दिया। जिसे शत प्रतिशत धरातल पर उतारा। उन्होंने कहा कि आज हमारी बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि भाजपा ने पंचायती राज्य चुनाव में 50 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण दिया। 2029 के लोकसभा और विधानसभा में भी महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का मोदी सरकार ने निर्णय लिया है। डा. गुप्ता ने कहा कि आज महिलाएं सेना में भी लीड कर रही हैं। मोदी सरकार में महिलाओं में आत्मविश्वास और स्वावलंबन बढ़ा है। छह लाख से अधिक महिलाएं अपने पैरों पर खड़ा होकर परिवार का सहयोग कर रही है।



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते डा. गुप्ता। फोटो :हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

60 हजार से अधिक सेल्फ हेल्फ ग्रुप चल रहे हैं जिनसे महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही है। गुप्ता ने कहा कि लाडो लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को 2100 रुपये एक बटन दबाते ही सभी के खातों में ट्रांसफर हो जाएंगें। नायब सरकार अभी इस योजना पर गहन विचार कर रही है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए मोदी और नायब सरकार सशक्त कदम उठा रही है। हरियाणा के इतिहास में पहली बार 30 महिलाएं मंडल अध्यक्ष बनी हैं और पांच महिलाएं जिला अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा के सभी जिलों में बूथए मंडल और जिला की नई टीमों का गठन हो चुका है। उन्होंने कहा कि 10 अगस्त तक जिला व मंडलों की कार्यकारिणी की बैठकें भी होंगी। उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकर्ता सेवा ही संगठन के मूल मंत्र पर चलते हुए सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। बैठक में जींद जिला अध्यक्ष तेजेंद्र ढुल, विधायक देवेंद्र अत्री, लक्ष्मण यादव के अलावा जिला महामंत्री, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी सहित वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

# राजकीय आईटीआई में रोजगार मेला चार को

- रोजगार मेले में देश की प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनियां भाग लेंगी : प्रधानाचार्य नरेश पांचाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में चार अगस्त को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य युवाओं को रोजगार और अप्रेंटिसशिप के लिए उपयुक्त मंच प्रदान करना है। प्रधानाचार्य नरेश पांचाल ने बताया कि इस रोजगार मेले में देश की प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनियां भाग लेंगी। इनमें जेसीबी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड मुख्य रूप से शामिल है। कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों के लिए प्लेसमेंट और अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस रोजगार मेले में आईटीआई पासआउट एवं अपीयरिंग छात्राएं भाग ले सकती हैं। यह मेला विशेष रूप से छात्राओं के लिए आयोजित किया गया है ताकि उन्हें औद्योगिक क्षेत्रों में करियर बनाने का सशक्त अवसर मिल सके। उन्होंने बताया कि संस्थान में समय-समय पर रोजगार मेलों का आयोजन किया जाता है ताकि क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें। यह मेला विशेष रूप से उन छात्राओं के लिए सुनहरा अवसर है जो औद्योगिक क्षेत्र में नौकरी या अप्रेंटिसशिप प्राप्त करना चाहती हैं। उन्होंने सभी योग्य छात्राओं से अपील की कि वे अपने बायोडाटा, आधार कार्ड, सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों सहित नियत समय पर संस्थान में उपस्थित हों। प्रधानाचार्य पांचाल ने यह भी कहा कि इस प्रकार के रोजगार मेले न केवल युवाओं को आत्मनिर्भर बनाते हैंए बल्कि औद्योगिक क्षेत्र की मांगों के अनुसार उन्हें तैयार करने में भी मदद करते हैं।





उचाना। जरूरतमंद बच्चों को किताबें बांटते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

### पढ़ाई के इच्छुक बच्चों को बांटी पुस्तकें

उचाना। भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के नेकदिली के चर्चे हर किसी की जुबान पर है। हर कोई विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री द्वारा जरूरतमंदों की मदद करने पर उनकी प्रशंसा कर रहा है। खुद विपक्ष पार्टी के नेता, कार्यकर्ता तक उनकी नेकदिली की प्रशंसा करने से पीछे नहीं रह रहे है। विधायक अपने दिन की शुरूआत जरूरतमंदों की मदद से करते हैं। शुक्रवार को पढ़ाई के इच्छुक बच्चों को पुस्तकें बांटते हुए उन्हें भविष्य में पढ़ाई के लिए हर तरह की मदद देने का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि जरूरतमंद बच्चों को पुस्तक भेंट कर मन बहुत खुश हुआ। जीवन में पढ़ाई का बहुत महत्व है अगर हम किसी एक भी बच्चे को प्रेरित व मदद करके पढ़ाने की कोशिश करते हैं तो बहुत ही ऊर्जा की अनुभूति होती है। सब से भी निवेदन है बच्चों को पढ़ाएं व जरूरतमंद बच्चों की मदद करें शिक्षा से बड़ा कोई हथियार दुनिया में नहीं है। जरूरतमंदों की मदद हर किसी को करनी चाहिए। नर सेवा को नारायण सेवा बताया गया है।

### अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत हरियाणा प्रांत की ऑनलाइन बैठक

जींद। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की प्रांत अध्यक्ष श्री नवीन जैन की अध्यक्षता मे ऑनलाइन बैठक का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य संगठन मे मजबूती पैदा करना व सदस्यता अभियान 2025, जून-जूलाई माह की गतिविधियां, अगस्त माह के अपेक्षित कार्यो पर विस्तृत जानकारी और सदस्य लक्ष्य हासिल करने हेतु कार्यकर्ताओ से संवाद किया। प्रांत संगठन मंत्री मुनेश ने बताया कि आज हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में ग्राहक है। हम हर दिन कुछ न कुछ खरीदते है। आज उपभोक्ता जमाखोरी, कालाबाजारी, मिलावट, अधिक दाम, कम नाप-तौल जैसी समस्याओं से घिरा है। उपभोक्ता संगठित नहीं हैं इसलिए हर जगह ठगा जाता है। इसलिए उपभोक्ता को जागना होगा और खुद को इन संकटों से बचाना होगा। उपभोक्ताओं को उनके अधिकार से जागरूक करने के लिए अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत का सराहनीय प्रयास है। बहुत कम लोग अधिकारों के बारे में पूरी तरह से जानते होंगे। ये सभी अधिकार कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट के तहत दिए जाते हैं।

### नशे को लेकर जागरूक किया

जींद। नशा मुक्त हरियाणा मिशन अभियान को आगे बढ़ाते हुए डा. रणबीर राठी आर्य पांडु पिंडारा की पवित्र धरा पर गवर्नमेंट हाय स्कूल में पहुंचे। बच्चों को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि ने बताया कि हमारे समाज में नशे का कहर तेजी से बढ़ रहा है। बच्चे और नव युवक इसकी गिरफ्त में आ रहे हैं। डा. रणबीर राठी आर्य ने बच्चों को कहा जिसने नशा किया उसका चरित्र भी गया। शरीर भी खत्म हो गया और घर समाज की भी बर्बादी है, धूम्रपान, बीड़ी सिगरेट पीने से गले में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी होती है। लीवर में कैंसर, टीबी, पिलाया जैसी गंभीर बीमारियां होती हैं। डा. रणबीर राठी आर्य ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में 25 वर्ष तक ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए केवल शिक्षा और खेल पर ही ध्यान केंद्रित हो। सुबह सवेरे चार-पांच बजे बिस्तर छोड़ कर सबसे पहले अपने माता-पिता के चरण स्पर्श करके आशीर्वाद लें। उसके बाद सोच निवृत होकर व्यायाम करें। स्नान करके विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने के लिए गुरुकुल या विद्यालय में जाए। डा. रणबीर आर्य ने कहा एक स्वस्थ शरीर में ही तीव्र बुद्धि का विकाश होता है।



जींद। बच्चों को संबोधित करते हुए। फोटो :हरिभूमि





नरवाना। भ्रमण दल पर प्रशिक्षु। फोटो :हरिभूमि

### आय बढ़ाने के लिए करें मधुमक्खी पालन

नरवाना। पंजाब नैशनल बैंक कृषक प्रशिक्षण केन्द्र सच्चा खेड़ा कि और से चल रहे 5 दिवसीय मधूमक्खी पालन के प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। शिविर में विभीन्न जगहों से आए प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। मौके पर केन्द्र के निदेशक हितेश कालरा व हरियाणा कृषि विवि हिसार से डा दलीप कुमार, डा भूपेंदर सिंह, डा मनोज कुमार और डा जितेंदर नैन आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत मे हरियाणा कृषि विश्वविधालय हिसार से आए प्रशिक्षक डा० दलीप कुमार ने विस्तार से मधूमक्खी पालन के बारे मे जानकारी दी। बताया के कैसे हम मधूमक्खी पालन कर सकते है इनसे हम किस प्रकार अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। बताया की मधुमक्खियां पौधों से अपना भोजन एक्त्र करती हैं तथा बदले में परागण करती हैं। मनुष्य को मधुमक्खियां न केवल शहद मोम राज अवलेह आदि देती हैं बल्कि पेड़ो फसलों तथा वृक्षों में परागण कर उनसे अधिक पैदावार लेने में भी सहायक होती हैं। हम मधुमक्खियों से किस प्रकार शुद्ध शहद तैयार कर सकते हैं ओर उनकी देखभाल करके किस प्रकार उसे घर में इस्तेमाल कर सकते हैं।

### लंबित जनशिकायतों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें

जींद। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा प्रदेशभर के उपायुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान शिविर, सीएम विंडो, जनसंवाद व एसएमजीटी पोर्टल पर लंबित जनशिकायतों की स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों ने निर्देश दिए कि जनता की शिकायतों का समाधान निष्पक्षए पारदर्शी और समयबद्ध ढंग से किया जाए। वीडियो कॉन्फ्रेंस के बाद उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक में निर्देश देते कहा कि शिकायतों के त्वरित निस्तारण को प्रशासन की प्राथमिकता में सबसे ऊपर रखा जाए। जानकारी दी कि समाधान पोर्टल पर अब तक कुल 9545 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिनमें से 7991 का निवारण किया जा चुका है। जबकि 111 मामले फिलहाल लंबित हैं। उन्होंने शिकायतों की विभागवार समीक्षा करते हुए विशेष कर 60 दिन से अधिक समय से लंबित सभी शिकायतों का समाधान शीघ्रता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं इन शिकायतों की निगरानी कर रहे हैं।



जींद। शिकायत निवारण को लेकर दिशा-निर्देश देते हुए डीसी।



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते सुमिता आशरी। फोटो :हरिभूमि

### गुरू-शिष्य संबंध भारतीय संस्कृति की आत्मा : सिहाग

जींद। भारतीय शिक्षण मंडल हरियाणा प्रांत के अंतर्गत आधारशिला विद्यालय में व्यास पूजा उत्सव के संदर्भ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता की भूमिका में डा. सुमिता आशरी रही। आयोजन में गुरू-शिष्य परंपरा और भारतीय शिक्षा पद्धति की गरिमा को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। डा. आशरी ने बताया कि गुरू ही जीवन का मार्ग प्रशस्त कर हमारा उत्थान करता है। भारत को मजबूत करने के लिए अनुशासन, आत्मबल और ज्ञान की जरूरत है जो कि गुरू शिष्य परंपरा से ही आएगा। इस कार्यक्रम में आधारशिला के शिक्षकों सहित लगभग 480 छात्र उपस्थित रहे। इस दौरान छात्रों ने अपनी जिज्ञासा को प्रश्नोत्तर के माध्यम से संतुष्ट किया। कार्यक्रम के अंत में निदेशिका अंजू सिहाग व प्रधानाचार्य सतवीर सिंह गहलावत ने बच्चों को संबोधित किया। निदेशिका ने बताया कि गुरू और शिष्य के बीच की आत्मिक कड़ी ही हमारी शिक्षा व्यवस्था की असली नींव है। उन्होंने पारंपरिक भारतीय शिक्षा मूल्यों की ओर लौटने पर बल दिया।



जींद। बैठक में भाग लेते हुए कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

### इनसो पांच को मनाएगी स्थापना दिवस

जींद। जजपा की छात्र ईकाई का स्थापना दिवस पांच अगस्त को हरियाणाभर में सामाजिक सरोकार दिवस के रूप में मनाएगी। जींद की जाट धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। उस कार्यक्रम की तैयारी के लिए जिला प्रधान जोरा सिंह डूमरखां की अध्यक्षता में जिला कार्यलय में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जोरा सिंह डूमरखां ने बताया कि इनसो के युवा साथियों दवारा सभी 22 जिलों में अलग-अलग सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उस दौरान पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल और पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओमप्रकाश चौटाला दवारा करवाए गए सामाजिक कार्य और विकास कार्यें की जानकारी देना, शहीदों की याद में सेमिनार, वृद्ध आश्रम में साफ -सफाई व बुजुर्गों की सेवा, मरीजों को फल वितरण, गोशाला में गायों की सेवा करना दान करना आदि अनेक सामाजिक कार्य किए जाएंगें। जिला प्रधान ने बताया कि पांच अगस्त सुबह 10 बजे मूख्यअतिथी पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला शिरकत करेंगे।

# सीजेएम ने किया कलाम बाल आश्रम का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला एवं सत्र न्यायधीश कम अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यशवीर सिंह राठौर के निर्देशानुसार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मोनिका ने कलाम बाल आश्रम का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर अतिरिक्त सिविल जज सीनियर डिविजन विवेक सिंह, ट्रेनी ज्यूडीशियल ऑफिसर योगेश कौशिक भी उपस्थित थे। कलाम बाल आश्रम में कुल 20 बच्चे उपस्थित थे। प्राधिकरण सचिव ने कलाम बाल आश्रम में रह रहे बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। कलाम बाल आश्रम के निरीक्षण के साथ-साथ बच्चों से बातचीत भी की बच्चों से उनके खाने-पीने, रहने-सहने के बारे में विस्तार से जानकारी ली। प्राधिकरण सचिव ने कलाम बाल आश्रम के स्टाफ को निर्देश दिए की बच्चों को देखभाल में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए तथा बच्चों के स्वास्थ्य व शिक्षा से संबंधित कोई भी लापरवाही जा की जाए। प्राधिकरण सचिव ने बताया कि आगामी 13 सितंबर को न्यायिक परिसर जींद, नरवाना व सफीदों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा तथा प्रत्येक कार्य दिवस को स्पैशल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सहायता हैल्पलाइन नंबर 15100 जारी किया गया है। इस हैल्पलाइन नंबर पर घर बैठे किसी भी प्रकार की कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं।



जींद। निरीक्षण करते सीजेएम मोनिका। फोटो :हरिभूमि



जींद। ज्ञापन देने जाते संगठन सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### वीसी के नाम सौंपा ज्ञापन

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद में छात्रों को लगातार शैक्षणिक और बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर स्थिति से परेशान छात्रों ने किसान छात्र एकता संगठन के उपाध्यक्ष अभिषेक जुलाना के नेतृत्व में कुलपति के नाम सामाजिक कल्याण डीन प्रो. जसवीर सूरा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में छात्रों ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे विवश होकर विश्वविद्यालय से नाम कटवाने को मजबूर होंगे। अभिषेक जुलाना ने कहा कि विश्वविद्यालय में छात्रों को शिक्षा देने के बजाय केवल औपचारिकताओं और राजनीति का अड्डा बना दिया गया है। जिन छात्रों को पढ़ाई के लिए बुलाया गया, उन्हें न हॉस्टल दिया गया, न खाना और न ही क्लास। ऐसी परिस्थितियों में छात्र कैसे टिक पाएंगे। यह लड़ाई हमारे अधिकारों की है और हम इसे पूरी मजबूती से लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि 24 जुलाई से कक्षाएं शुरू होनी थी लेकिन न तो अब तक नियमित कक्षाएं शुरू हुई हैं और न ही हॉस्टल तथा भोजन की कोई सुविधा छात्रों को उपलब्ध करवाई गई है।

**राहत** पीजी कोर्स में एडमिशन के लिए फीस भरने की प्रक्रिया प्रारंभ

# पहली मेरिट लिस्ट के बाद खाली बची सीटों पर पांच अगस्त से फिजिकल काउंसलिंग के तहत दाखिले होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पीजी कोर्स में दाखिले को लेकर उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा पहली मेरिट लिस्ट जारी करने के बाद शुक्रवार से फीस भरने की प्रक्रिया शुरू हुई। जिन विद्यार्थियों का नाम पहली मेरिट लिस्ट में आया है, उनके पास एक अगस्त से लेकर चार अगस्त तक फीस जमा करवाने का समय रहेगा। पहली मेरिट लिस्ट के बाद खाली बची सीटों पर पांच अगस्त से फिजिकल काउंसलिंग के तहत दाखिले होंगे। उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा छह अगस्त को दोबारा से पोर्टल खोला जाएगा। जिसमें विद्यार्थी रजिस्ट्रेशन या विषय में बदलाव के लिए आवेदन कर सकते हैं। छह अगस्त से लेकर 12 अगस्त तक 100 रुपये लेट फीस के साथ दाखिले होंगे। इसके बाद भी अगर सीट खाली बच जाती हैं तो उसके लिए 13 अगस्त से लेकर 19 अगस्त तक फि जिकल काउंसलिंग चलेगी। जिसमें पहले वाले 100 रुपये और हर रोज 100 रुपये लेट फ ीस के साथ विद्यार्थी दाखिला ले सकेंगे। शहर के राजकीय महिला कॉलेजए राजकीय पीजी कॉलेज, हिंदू कॉलेज व सफीदों के राजकीय कॉलेज में पीजी के कोर्स हैं। राजकीय पीजी कॉलेज के प्राचार्य डा. सत्यवान मलिक ने कहा कि कॉलेज में विभिन्न कोर्स में निर्धारित 280 सीट में से 163 विद्यार्थियों का नाम मेरिट लिस्ट में आया है। एमए इकोनॉमिक्स में से 40 में 27, एमए इंग्लिश में 40 में से 29, एमए हिंदी में 40 में से 36, एमकॉम में 60 में से 24, एमएससी मैथमेटिक्स में 40 में से 24 और पीजीडीसीए में 60 में से 43 विद्यार्थियों का नाम आया है।







जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते प्रधानाचार्य जतीन कथूरिया। फोटो :हरिभूमि

### मानसिक उत्थान के लिए नई पहल

जींद। यदुवंशी शिक्षा निकेतन बीबीपुर में विद्यार्थियों के मानसिक एवं भावनात्मक विकास को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एक नवीनतम पहल की शुरुआत की गई है। विद्यालय में प्रतिदिन प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में समस्त कक्षाओं के छात्र व छात्राएं लगभग पांच से छह बार सकारात्मक चिंतन वाक्य ;सकारात्मक आत्मविचारद्ध का उच्चारण करते हैं। यही वाक्य छात्रगण सायंकाल घर पर स्वयं दोहराते हैं, जिससे उनका दिन सकारात्मकता के साथ पूर्ण होता है। प्रधानाचार्य जतीन कथूरिया ने कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्म अनुशासन प्रेरणा एवं लक्ष्य निर्धारण की भावना को जागृत करता है। विद्यालय के प्रबंधक राव बहादुर सिंह ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि सकारात्मक सोच न केवल परीक्षा में सफलता दिलाती है अपितु जीवन जीने की एक सुंदर दिशा भी देती है। इससे विद्यार्थियों का आत्मबल सुदृढ़ होता है और वे भविष्य के प्रति जागरूक बनते हैं।

## खबर संक्षेप

### भाजपा सबका साथ-सबका विश्वास लेकर आगे बढ़ रही

**पूंडरी।** भाजपा के युवा जिला महामंत्री जोनी मैहला ने कहा है कि भाजपा की सरकार देश और प्रदेश में हर वर्ग को साथ लेकर चलने की नीति पर कार्य कर रही है। चाहे गरीब हो, किसान, युवा या महिलाएं सभी को साथ लेकर समान विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व हर वर्ग में विश्वास और उम्मीद जगा रहा है।

### नव सत्र के शुभारंभ के उपलक्ष्य पर हवन

**पूंडरी।** चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय फतेहपुर-पूंडरी के प्रांगण में आज सकारात्मक ऊर्जा, शैक्षणिक वातावरण की शुद्धता और नव सत्र के शुभारंभ के उपलक्ष में रिचुअल सेल द्वारा हवन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 9 बजे वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ चौ. ईश्वर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया।

### बिजली अदालत का शेड्यूल जारी

**कैथल।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता सोमबीर भालोठिया ने बताया कि उपभोक्ता शिकायत निवारण बिजली अदालत का शैड्यूल जारी कर दिया गया। यह अदालत प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार को यूएचबीवीएन के कार्यालय में सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक आयोजित होगी। अगस्त माह के लिए पांच, आठ, 19 तथा 26 अगस्त को निर्धारित की हैं।

### युवती बगैर बताए लापता, मामला दर्ज

**कैथल ।** तितरम थाना क्षेत्र के एक गांव से एक युवती बिना बताए घर से चली गई। गांव के व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 31 अगस्त को बाद दोपहर उसकी 19 वर्षीय बहन गांव काकोत से बिना बताए घर से चली गई। उन्होंने उसकी आसपास काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। मामले के जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक राममेहर ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाल विवाह के आरोप में महिला सहित 4 नामजद

**कैथल ।** महिला पुलिस कैथल ने एक किशोरी का बाल विवाह करने के आरोप में चार व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामला जिला बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी की शिकायत पर दर्ज किया गया है। महिला पुलिस को दी शिकायत में जिला बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी सुनीता शर्मा ने आरोप लगाया है कि उनकी टीम को सूचना मिली थी कि 6 जुलाई को गांव जाखौली में एक किशोरी का परिजनों द्वारा उसके ससुराल पक्ष के लोगों से मिलकर उसका जबरन बाल विवाह करवा दिया गया। जांच की तो मामला सही पाया गया तथा किशोरी की आयु मात्र 15 साल एक महीना पाई गई। पुलिस थाना प्रभारी वीना ने बताया कि पुलिस ने मामले में बलिंदर, सुमन, अमनदीप के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विकसित भारत के विजन को साकार करने में हो प्रदेश की हरियाली की अहम भूमिका

# हरियाणा को क्लीन और ग्रीन बनाना सबकी साझी जिम्मेदारीः सतपाल जांबा

- पूंडरी अनाज मंडी में 76वां वन महोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि हरियाणा प्रदेश को क्लीन और ग्रीन बनाना हम सब की साझी जिम्मेदारी है। सभी आमजन एक पेड़ मां के नाम अभियान में बढ़चढ़कर भाग लें और अधिक से अधिक पौधे लगाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि देश 2047 तक विकसित भारत बने और इस विजन को साकार करने में हरियाणा की हरियाली की अहम भूमिका होनी चाहिए।

पूंडरी विधायक सतपाल जांबा शुक्रवार को अनाज मंडी में आयोजित 76वें वन महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने फतेहपुर संरक्षित वन क्षेत्र में पौधा रोपण कर पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान में सभी आमजन जुड़े, क्योंकि पेड़ और मां हमसे कभी कुछ लेते नहीं हैं, बल्कि देते हैं। पेड़ हमें ऑक्सीजन के साथ-साथ फल, छाया देते हैं और बारिश लाने में सहायक होते हैं। पौधा रोपण करना समय की मांग है, क्योंकि अगर हम आज पेड़ नहीं लगाएंगे तो हमारी आने वाली पीढ़ियों का जीवन खतरे में पड़ जाएगा। उन्होंने हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां का पर्यावरण बहुत शुद्ध है। जिसका मुख्य कारण वहां की हरियाली है।

उन्होंने कहा कि जिले में इस वर्ष 4 लाख 20 हजार पौधे लगाए जाने हैं। जिनमें से करीब दो लाख 35 हजार पौधे रोपित हो चुके हैं। बाकी बचे लक्ष्य को 15 अगस्त तक पूरा कर लिया जाएगा। पूंडरी हलके में एक पेड़ मां के नाम अभियान पूरे जोरों से चल रहा है, जिसके तहत हलके में 35 गांव पूरे हो चुके हैं। जहां भी जगह मिलती है वहां पर पौधे लगाए जा रहे हैं। ग्राम पंचायतों का सहयोग लिया जा रहा है और पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी लगाई जा रही है। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि आज के दौर में हर किसी को कोई न कोई बीमारी है। इस बीमारी का कारण है कि हमें शुद्ध हवा नहीं मिल रही है। पर्यावरण दूषित होता जा रहा है और हम अंधाधुंध पेड़ काट रहे हैं। जिसे पर्यावरण को नुकसान हो रहा है। इसी प्रकार से कई गांवों मे बेवजह जल बहाव से जलभराव की समस्या होती है।


**कैथल।** पौधरोपित करते विधायक सतपाल जांबा। फोटो :हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

डीएफओ मोहन लाल वर्मा ने मुख्य अतिथि का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया और कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एमडी शुगर मिल कृष्ण कुमार ने सभी का धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर डीएनडी बोर्ड के चेयरमैन जसवंत पठानिया, जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर कौल, सतपाल चुघ, जिला पार्षद जितेंद्र, मनोज राणा, सरोज, विजेंद्र, देवेंद्र पंचाल, पूंडरी ब्लाक समिति चेयरमैन राजेश बरसाना, ढांड ब्लाक समिति चेयरमैन ईश्वर सिंह, सुभाष हजवाना, सतपाल चुघ, जितेंद्र टाया, निधि मोहन, राम मेहर शर्मा, हर्ष सेठी, अमित सैनी सहित अन्य भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।


**कैथल।** पूंडरी में वन महोत्सव कार्यक्रम में मंचासीन विधायक सतपाल जांबा व अन्य

## वन महोत्सव प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

डीएफओ मोहन वर्मा ने बताया कि 76वें वन महोत्सव को लेकर पेंटिंग व प्रश्नोतरी प्रतियोगिता करवाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सतपाल जांबा ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में भारत पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी परमीत प्रथम, ओएसडीएवी स्कूल की छात्रा समृद्धि द्वितीय तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जखोली अड्डा की छात्रा हिमांशी तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार जूनियर पेंटिंग प्रतियोगिता में पीमए श्री जाखौली अड्डा स्कूल से नजराना, संध्या व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैथल से तन्नु ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर पेंटिंग प्रतियोगिता में पीमए श्री जाखौली अड्डा स्कूल से तान्या पहले व तनवी दूसरे तिथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैथल से तुन्नु तृतीय स्थान पर रही। वहीं आरकेएसडी कॉलेज की टीम ने हरियाणवी कलाकार राजीव शर्मा की अगुवाई में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

## ट्रैफिक नियमों के प्रति किया जागरूक

- बुलेट मोटरसाइकिल में पटाखे बजाना कानूनन गलत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीएसपी ट्रैफिक सुशील प्रकाश के मार्गदर्शन में ट्रैफिक नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैथल में किया गया, जिसमें प्रिंसिपल रविंद्र शर्मा एवं स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कार्यक्रम में एसएचओ ट्रैफिक इंस्पेक्टर नरेश, सब इंस्पेक्टर रघुबीर, हेड कांस्टेबल सुरेश कुमार तथा चालक संजय ने लॉयन्स सिटी क्लब कैथल के प्रधान श्री देवेंद्र राणा (एडवोकेट) तथा क्लब के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया। इस दौरान छात्रों को निम्नलिखित महत्वपूर्ण ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी गई दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अनिवार्य है।

तेज रफ्तार में वाहन चलाने से बचें। वाहन चलाते समय स्टंटबाजी ना करें। बुलेट मोटरसाइकिल में पटाखे बजाना कानूनन गलत है। वाहन को ध्वनि व वायु प्रदूषण से मुक्त रखने के लिए समय-समय पर मेंटेनेंस करें। ड्राइविंग करते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। हमेशा सड़क के बाईं ओर चलें और ट्रैफिक संकेतों व ट्रैफिक लाइट्स का पालन करें। गाड़ी में सीट बेल्ट का प्रयोग आवश्यक है। थकावट या आलस्य की स्थिति में वाहन न चलाएं।


**कैथल।** यातायात जागरूकता रैली में बच्चों के साथ एसएचओ ट्रैफिक इंस्पेक्टर नरेश, सब इंस्पेक्टर रघुबीर व अन्य फोटो : हरिभूमि

## नशा मुक्ति व स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया

**राजौंद।** राजौंद के महाराणा प्रताप चौक पर स्थित धर्मशाला में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रेणु चावला के निर्देशन अनुसार वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा कीर्ति शर्मा की अध्यक्षता में नशा मुक्ति एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। नशा मुक्ति केन्द्र कैथल से आई टीम ने नशे के आदी व्यक्तियों को नशा न करने के लिए प्रेरित किया व नशा छोड़ने के इच्छुक व्यक्तियों को दवाइयां दी। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य जांच शिविर में लगभग 150 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिन मरीजों को उच्च रक्तचाप व मधुमेह की दिक्कत पाई गई, उनको दवाइयां मुफ्त में दी गई। शिविर में डॉ कीर्ति शर्मा ने बताया कि हरियाणा सरकार का लक्ष्य नशे को हरियाणा से खत्म करना है। उच्च रक्तचाप व मधुमेह के रोगियों को सरकार की तरफ से मुफ्त दवा देकर उनका ईलाज करना है। इस दौरान नशा मुक्ति केंद्र की टीम में डा.सीमा एटीएफ काउंसलर शीतल तथा सामाजिक कार्यकर्ता पंकज मौजूद रहे।

## आरकेएसडी महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सत्यवीर मैहला को दी विदाई पार्टी

- महाविद्यालय के प्राध्यापक वर्ग के द्वारा विदाई समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आरकेएसडी महाविद्यालय कैथल में प्रो. (डॉ) सत्यवीर मैहला पांच महीने प्राचार्य की सेवा उपरान्त सेवानिवृत हुए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक वर्ग के द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रबंधन समिति के प्रधान अश्विनी शोरवाला, उपप्रधान आरवीएस श्याम बंसल, उपप्रधान प्रबंधन समिती महेश मंगल, महासचिव आरवीएस एवं प्रबंधन समिती पंकज बंसल, सुनील चौधरी कोषाध्यक्ष प्रबंधन समिति एवं स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। उन्होंने 51हजार सम्मान निधि के साथ डॉ मैहला को सम्मानित किया एवं शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय के विभिन्न वक्ताओं ने उनके साथ बिताये हुए क्षणों को याद किया। उनकी धर्मपत्नी सरोज मैहला एवं परिवार के सदस्यों ने भी अपने अनुभवों को साझा किया।

डॉ विकास भारद्वाज ने अभिनन्दन पत्र पढा। स्टाफ सचिव डॉ सुरेंद्र एवं सहसचिव डॉ नरेश ने मंच संचालन किया। प्रोफेसर डॉ मैहला गणित विभाग में उन्होनें लगभग 35 वर्ष प्राध्यापक के रूप में एवं 18 वर्ष विभागाध्यक्ष के रूप में सेवा की। उनके कार्यकाल में राजनीति शास्त्र एवं अर्थशास्त्र में स्किम बी के तहत बीए आनर्स का आरम्भ हुआ। एमएससी गणित का शुभारम्भ 2013 में इनके कार्यकाल के दौरान ही हुआ।


**कैथल।** आरकेएसडी महाविद्यालय कैथल प्राचार्य प्रो. सत्यवीर मैहला को सम्मानित करते प्राध्यापक व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## आईटी विभाग संगठन की डिजिटल रीढ़ : रविंद्र धीमान

- भाजपा जिला कार्यालय में संगठनात्मक बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

भारतीय जनता पार्टी कैथल के जिला कार्यालय कपिल कमल, कैथल में आज एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने की। जिला मीडिया प्रभारी हिमांशु गोयल ने बताया कि बैठक में संगठन की मजबूती और विस्तार पर व्यापक चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी सदस्य, सीवन मण्डल अध्यक्ष, जिला कार्यालय सह प्रमुख एवं जिला आई.टी. सह प्रमुखों व आई.टी. टोली सदस्यों की नियुक्तियों की घोषणा की गई। भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने इस अवसर पर कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठनात्मक ढांचा देश की सबसे बड़ी ताकत है, और उसे और अधिक सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह नियुक्तियां प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन और परामर्श के पश्चात की गई हैं, जिनका उद्देश्य पार्टी को बूथ स्तर तक सक्रिय, संगठित और डिजिटल रूप से मजबूत करना है। रवि मौर्य को जिला कार्यकारिणी सदस्य, प्रवीण रसूलपुर को सीवन मण्डल अध्यक्ष, सतपाल भारद्वाज एवं सोनू खानपुर को जिला कार्यालय सह प्रमुख वहीं आई.टी. विभाग में संजय सैनी, गुरनाम सिंह, राजेश सिंगला, कृष्णा देवी सीवन को जिला आई.टी. सह प्रमुख व पवन सैन डोहर, चमकीला हंस, दीपक जागड़ा, प्रमोद कंबोज, मुकेश शर्मा, रोहित कुमार, हसन दुल पाई, अनिल कुमार को जिला आई.टी. टोली सदस्य नियुक्त किया गया है।

# मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर संगोष्ठी का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अखिल भारतीय साहित्य परिषद जींद इकाई ने मुंशी प्रेमचंद की जयंती को मनाते हुए एक संगोष्ठी का आयोजन किया जिसका माध्यम ऑनलाइन रहा। कार्यक्रम का प्रारंभ परिषद महामंत्री डा. क्यूटी ने मां सरस्वती को अपने भाव समर्पित कर किया तत्पश्चात डा. प्रेम ने मुंशी प्रेमचंद की लिखी कहानियों और उपन्यास के पात्रों को याद करके कहा कि उन पात्रों को वो अपने आसपास आज भी महसूस करती हैं। मंजु मानव अध्यक्ष अखिल भारतीय साहित्य परिषद जींद इकाई द्वारा उपन्यास के किरदारों पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रेमचंद की लेखनी तीक्षण, धारदार, मर्मस्पर्शी और तत्कालीन परिस्थितियों को उजागर करती बड़े संतुलन के साथ चली। उनके अनेक उपन्यासों में आर्थिक परिस्थितियां विषमता का कारण बनी जिसे काव्य रूप में इस प्रकार उजागर किया। जुर्म सहना कोई रजा तो नही, जीना कब सीखे हैं पता ही नहीं। वक्त बीमार कर गया ऐसेएपास अपने कोई दवा भी नहीं। शहीद उद्यम सिंह के बलिदान दिवस पर भी काव्य रूप में दो पंक्तियों में भाव अर्पित किए। डा. मंजुलता रेढ़ू ने प्रेमचन्द द्वारा साहित्य को दी गई दिशा तुलसीदास द्वारा लिखित उनकी रचनाएं जो जीवन का आधार हैं, जिनके बिना जीवन का कोई अस्तित्व नही। वह स्वयं इन रचनाओं पर आस्था रखती हैं। शहीद उद्यम सिंह की शहादत व उनके जज्बे को नमन किया जिनके कारण जलियांवाला बाग कांड का बदला लिया जा सका। हिंदी गीतों को अपनी आवाज देने वाले रफी की पुण्यतिथि पर नमन किया। तदुपरांत डा. क्यूटी ने तुलसीदास द्वारा रचित ष्तू दयालु दीन हो तो दानी हम भिखारी ष्गीत को स्वरबद्ध कर श्रवण करवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षा कर रहे डा. जगदीप राही ने प्रेमचंद, तुलसीदास को भाव समर्पित किए शहीद उधम सिंह के सीने में बदले की 20 वर्ष की अग्नि का व्याख्यान करते हुए विभिन्न विषम परिस्थितियों प्रकाश डाला। अध्यक्षता का दायित्व वहन करते हुए कार्यक्रम की प्रशंसा की और कार्यक्रम को स्तरीय बताया।


संगोष्ठी में भाग लेते हुए।

## एमडीएन ग्लोबल स्कूल की छात्रा अंशु बेसबॉल प्रतियोगिता में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एमडीएन ग्लोबल स्कूल, कैथल की कक्षा 11वीं (विज्ञान वर्ग) की मेधावी छात्रा अंशु पुत्री श्री सतबीर ने हरियाणा बेसबॉल फेडरेशन द्वारा आयोजित 38वीं सीनियर स्टेट बेसबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय, जिले और अपने परिजनों का नाम गर्व से ऊंचा किया है। यह प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, प्यौदा (कैथल) में आयोजित की गई थी, जिसमें हरियाणा के विभिन्न जिलों की टीमें प्रतिभाग कर रही थीं। फाइनल मुकाबले में अंशु ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फतेहाबाद जिले की टीम के विरुद्ध 8-0 से शानदार जीत दर्ज की। उनकी इस निर्णायक भूमिका ने न केवल टीम को विजय दिलाई, बल्कि उन्हें आगामी सीनियर नेशनल बेसबॉल टूर्नामेंट में भी स्थान दिलाया, जो 28 अगस्त 2025 से आयोजित किया जाएगा।

यह सफलता खेल क्षेत्र में उनके समर्पण, अनुशासन और कठिन परिश्रम का प्रमाण है। विद्यालय के निदेशक डॉ. विनोद कुमार व चेयरपर्सन निधि कंसल ने अंशु का विद्यालय में गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने इस अवसर पर कोच कविता व रामपाल को भी विशेष रूप से सम्मानित किया, जिन्होंने निरंतर प्रशिक्षण व प्रेरणा देकर छात्रा को इस स्तर तक पहुंचाया। विद्यालय ने दोनों प्रशिक्षकों को उनकी निष्ठा और समर्पण के लिए हार्दिक बधाई दी।

**सूचना**

मैं, बलविन्द्र सिंह पुत्र श्री जीत सिंह निवासी पट्टी खोत, तहसील व जिला कैथल बयान करता हूं कि मेरा पुत्र मनप्रित सिंह मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### जनस्वास्थ्य अभियंत्रिकी विभाग ने लिया फैसला

# अब स्वयं सहायता समूह करेंगे पानी में क्लोरीन की जांच

- पेयजल आपूर्ति में क्लोरीन की मात्रा के लिए प्रतिदिन 3 सैंपलों का टेस्ट किया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जनस्वास्थ्य अभियंत्रिकी विभाग के अधीन जल गुणवत्ता निगरानी को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने की दिशा में जिला सलाहकार दीपक कुमार ने जिला कार्यालय में सभी ब्लॉक रिसोर्स कोऑर्डिनेटर के साथ एक बैठक की। बैठक में उन्होंने बताया कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के निदेशक राजीव बातिश के 21 अप्रैल 2025 को दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुरूप, पेयजल आपूर्ति में क्लोरीन की जांच, महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से कराने की योजना साझा की। निर्देशों के अनुसार, प्रत्येक पंचायत में ग्राम जल एवं सीवरेज समिति की सदस्य स्वयं सहायता समूह द्वारा ओटी किट द्वारा पेयजल आपूर्ति में क्लोरीन की मात्रा के लिए प्रतिदिन 3 सैंपलों का टेस्ट किया जाएगा। प्रत्येक जांच सैंपल के लिए स्वयं सहायता समूह को 10 प्रति सैंपल की दर से भुगतान किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत अधिकतम 25 दिन प्रति माह जांच करने की स्वीकृति होगी, जिससे उन्हें अधिकतम 750 प्रति माह तक की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। दूसरी ओर, ब्लॉक रिसोर्स कोऑर्डिनेटर को निर्देशित किया गया है कि वे चयनित स्वयं सहायता समूह को ओटी किट से संबंधित प्रशिक्षण दें तथा इस कार्य की नियमित निगरानी करें। इस कार्य की रिपोर्टिंग निर्धारित प्रारूप में की जाएगी। दीपक कुमार ने सभी ब्लॉक रिसोर्स कोऑर्डिनेटरों को निर्देशित किया कि वे अधिक से अधिक ग्राम पंचायतों में इस पहल को लागू करें, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के बीच जल की गुणवत्ता, उसके महत्व और संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके।



**कैथल।** जिला सलाहकार दीपक कुमार कर्मचारियों की बैठक को संबोधित करते हुए

**ये रहे मौजूद**

जिला सलाहकार दीपक कुमार ने कहा कि यह पहल न केवल जल गुणवत्ता की निगरानी को सशक्त बनाएगी, बल्कि ग्रामीण महिलाओं को जल प्रबंधन में भागीदारी और आर्थिक सशक्तिकरण का अवसर भी प्रदान करेगी। यह एक सामुदायिक भागीदारी पर आधारित मॉडल है, यह प्रयास 'हर घर जल' मिशन को गति देने के साथ-साथ ग्रामीण समुदाय को जल सुरक्षा के प्रति जागरूक और उत्तरदायी बनाएगा। बैठक में बलकार सिंह, विष्णु शर्मा, और संदीप कुमार ब्लॉक रिसोर्स कोऑर्डिनेटर्स उपस्थित रहे।

**सार्वजनिक सूचना**

**लाल डोरा/आबादी देह शहरी क्षेत्र, नगरपालिका जुलाना के सम्पति प्रमाण पत्र बारे।**

इस नोटिस/इशतिहार के माध्यम से आम जन व खास को सूचित किया जाता है कि सम्पतिकर सर्वे के दौरान दर्ज प्रविष्टी को शहरी स्थानीय निकाय हरियाणा, पंचकुला के पत्र क्रमांक DULB/DMC-HQ/2024/142 दिनांक 12.03.2024 व पत्र क्रमांक DULB/CTP-II/2024/134 दिनांक 11.07.2024 द्वारा जारी हिदायतों अनुसार नगरपालिका जुलाना द्वारा आबादी देह /लाल डोरा में स्थित सम्पति प्रमाण पत्र जारी किए जाने है जिसकी सूचि के अन्तर्गत आने वाली सभी सम्पतियों के कब्जाधारियो को सम्पति प्रमाण पत्र दिए जाने है नगरपालिका जुलाना क्षेत्र के लाल डोरा/आबादी देह में सभी सम्पतियों कि सूचि नगरपालिका जुलाना के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है सिटीजन कॉर्नर में draft list of lal dora properties के नाम से उपलब्ध है और इन प्रोपर्टीयों का पूर्ण विवरण https://ulbharyana.gov.in एनडीसी पोर्टल पर भी उपलब्ध है इसलिए सभी प्रोपर्टी धारको को सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी प्रोपर्टी धारक को अपनी प्रोपर्टी के विवरण में किसी भी प्रकार कि त्रुटि लगती है तो वह व्यक्ति कार्यालय,नगरपालिका जुलाना में सूचना अखबार में प्रकाशित होने कि तिथि से 15 दिनों के अन्दर-अन्दर अपना एतराज लिखित रूप में दस्तावेजों सहित नगरपालिका जुलाना कि सम्पतिकर शाखा में सुनवाई हेतू जमा करवा सकता है। नोटिस कि समययावधि समाप्त होने के उपरान्त किसी भी एतराज/आपति पर कोई भी कार्यवाही अमल में नहीं लाई जाएगी। इसके अतिरिक्त यदि किसी भी सम्पति पर कोई दावा/आपति ना आने कि एवेज में जारी किए सम्पति प्रमाण पत्र के संदर्भ मे नगरपालिका जुलाना कि कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। सम्पति के स्वामित्व को सिद्व करने हेतू शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा जारी पत्र क्रमांक DULB/DMC-HQ/2024/142 दिनांक 12.03.2024 मे दिए गए निर्देशानुसार निर्धारित दस्तावेज प्रस्तुत करने होगें।

सचिव
नगरपालिका जुलाना

# नागरिक अस्पताल से शिफ्ट होगा सखी वन स्टाप सेंटर, एमआरआई मशीन आएगी

**खास बातें**

- सेंटर की जगह एमआरआई मशीन लगाने की योजना
- मरीजों को अन्य जिलों के नहीं काटने पड़ेंगे चक्कर
- एमडी एनएचएम ने दिए अधिकारियों को आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में चल रहा वन स्टाप सेंटर।

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में सखी वन स्टॉप सेंटर को खाली करवाया जाएगा। सेंटर को खाली करवाने को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के प्रबंध निदेशक ने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। आदेशों की पालना करते हुए स्वास्थ्य अधिकारियों ने मौखिक और लिखित तौर पर सेंटर को कहीं और शिफ्ट करने के लिए सेंटर अधिकारियों से कहा है। सेंटर की जगह अस्पताल प्रशासन द्वारा उपलब्ध करवाई गई है। ऐसे में जहां यह सेंटर है वहां स्वास्थ्य विभाग एमआरआई मशीन लाने की योजना बना रहा है ताकि मरीजों को एमआरआई के लिए हिसार, रोहतक या अन्य जिलों के चक्कर न काटने पड़ें। वहीं निजी एमआरआई सेंटरों पर लगने वाली भारी भरकम मोटी फीस से भी बच सकें।

### एमडी एनएचएम के आदेशों पर कार्रवाई शुरू

एमडी एनएचएम के आदेश के बाद स्वास्थ्य विभाग ने एमआरआई मशीन स्थापित किए जाने की योजना पर तेजी से काम शुरू कर दिया है। सखी वन स्टॉप सेंटर अधिकारियों को मौखिक व लिखित तौर पर सेंटर के लिए वैकल्पिक स्थान की तलाश करने के लिए कहा है ताकि महिलाओं को दी जाने वाली सेवाओं में कोई व्यवधान न आए। स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि एमआरआई मशीन की स्थापना से गंभीर बीमारियों के निदान में तेजी आएगी और मरीजों को त्वरित उपचार मिल सकेगा। स्थानीय लोगों ने इस कदम का स्वागत किया है। उनका मानना है कि एमआरआई मशीन की उपलब्धता से न केवल स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर होंगी बल्कि क्षेत्र के अन्य मरीजों को भी इसका लाभ मिलेगा।

### वन स्टॉप सेंटर अधिकारियों को जगह खाली करने के लिए कहा : डा. पूनिया

नागरिक अस्पताल के एसएमओ डा. रघुवीर पूनिया ने कहा कि वन स्टॉप सेंटर अधिकारियों को अस्पताल की जगह खाली करने के लिए कहा गया है। जितना जल्दी यह होगा उतना ही जल्द अस्पताल में एमआरआई मशीन स्थापित करने का रास्ता साफ होगा। जिससे मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के प्रबंध निदेशक ने स्वास्थ्य अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।

### नागरिक अस्पताल प्रशासन ने दी जगह

महिला एवं बाल विकास द्वारा नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग के कमरा नंबर 133 व 134 में सखी (वन स्टॉप सेंटर) चलाया जा रहा है। सेंटर जो हिंसा से पीड़ित महिलाओं को चिकित्सीय, मनोसामाजिक और कानूनी सहायता प्रदान करता है। बाकायदा यहां पीड़िताओं के ठहरने की जगह भी है। जिस जगह पर यह सेंटर चलाया जा रहा है, वो स्वास्थ्य विभाग की है। अब स्वास्थ्य विभाग को एमआरआई मशीन के लिए जगह की जरूरत है। चार दिन पहले एमडी एनएचएम के निर्देशन में सार्थक टीम ने अस्पताल का निरीक्षण किया था। जिसमें अधिकारियों ने आदेश दिए थे कि वन स्टॉप सेंटर को अस्पताल से कहीं और शिफ्ट करवाया जाए ताकि यहां एमआरआई का प्रोजेक्ट लाया जा सके। अगर यह जगह खाली होती है तो इस बदलाव से अस्पताल में जगह उपलब्ध होगी, जहां अत्याधुनिक एमआरआई मशीन स्थापित की जा सकेगी। इस सुविधा के शुरू होने से स्थानीय मरीजों को एमआरआई जांच के लिए अन्य शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी।

---

**खबर संक्षेप**

### कांगथली से चोरों ने दो गैस सिलेंडर चुराए

**कैथल।** कांगथली से चोर दो गैस सिलेंडर चुरा कर ले गए। अमरेंद्र सिंह ने सीवन पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 29 जुलाई को अज्ञात चोर उसके घर में घुसकर वहां पर रखे दो गैस सिलेंडर चुरा कर ले गए।

### चहल अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के प्रदेश प्रवक्ता बने

**उचाना।** अंतरराष्ट्रीय जाट संसद द्वारा प्रदेश में संगठनात्मक नियुक्ति कर जिम्मेदारी सौंपी गई। विक्रम चहल को प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस नियुक्ति पर विक्रम चहल ने अंतरराष्ट्रीय



जाट संसद के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष परमेश्वर कलवानिया, प्रदेशाध्यक्ष योगिंद्र सिंह बड़ौली का आभार प्रकट किया। चहल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय जाट संसद निरंतर समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी रहती है।

### सेमिनार में 17 स्कूलों के विद्यार्थियों ने लिया भाग

**सीवन।** श्री राजकीय कन्या वमावि सीवन में ब्लॉक लेवल साइंस सेमिनार आयोजित किया गया जिसका विषय था क्वांटम तकनीक और चुनौतियां। सेमिनार का शुभारम्भ बीईओ अनिल छाबड़ा ने किया। जिसमें ब्लॉक के 17 स्कूलों ने प्रतिभागिता की और दिए गये विषय पर भाषण और निबंध प्रतियोगिता करवाई गई। निर्णायक मंडल में प्राध्यापक राकेश कुमार, मंगल सिँह और इंदु रानी ने जिला स्तर के कार्यकम हेतु बच्चों का चयन किया।

---

## पहले एनपीएस और अब यूपीएस थौंप रही सरकार

# यूपीएस के विरोध में कर्मचारियों ने मनाया ब्लैक डे, निकाला रोष मार्च

सभी विभागों के कर्मचारियों ने अपने कार्यस्थल पर काले कपड़े और काली पट्टी बांध अपना विरोध दर्ज करवाया है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। रोष प्रदर्शन करते हुए कर्मचारी यूनियनों के नेता। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा में यूनिफाइड पेंशन स्कीम लागू करने पर प्रदेश के कर्मचारियों, अधिकारियों में भारी नाराजगी है। जिला प्रधान जोगेंद्र लोहान, अनुराधा गुप्ता ने कहा कि एनपीएस और यूपीएस कभी उनकी मांग नहीं रही है। पहले एनपीएस और अब यूपीएस को जबरदस्ती थौंपा जा रहा है। जिसके विरोध में शुक्रवार को जींद जिले के सभी विभागों के कर्मचारी, अधिकारियों द्वारा ब्लैक डे के तौर पर मनाया गया। सभी विभागों के कर्मचारियों ने अपने कार्यस्थल पर काले कपड़े और काली पट्टी बांध अपना विरोध दर्ज करवाया है और जिला मुख्यालय पर यूपीएस के विरोध में रोष मार्च निकाला गया है। उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया है। रोडवेज कर्मचारी नेता अनूप लाठर और राजबाला कौशिक ने कहा कि यूपीएस की घोषणा से यह भी स्पष्ट हो गया है कि सरकार स्वयं मान चुकी है कि एनपीएस कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा को पूरा नहीं करती है। जिसका प्रदेश का हर कर्मचारी पिछले कई सालों से विरोध करता आ रहा है और पुरानी पेंशन स्कीम की मांग कर रहा है। अब यूपीएस के नाम पर कर्मचारियों को गुमराह करने का प्रयास मात्र है लेकिन प्रदेश का हर कर्मचारी एनपीएस और यूपीएस को समझता है। यूपीएस कर्मचारियों को पेंशन देने के लिए नहीं बल्कि उनकी जीवनभर की बचत को छीनकर नाममात्र पेआउट देने की स्कीम मात्र है। यह स्कीम कर्मचारियों के भले के लिए नही बल्कि एनपीएस के माध्यम से शेयर बाजार में निवेशित राशि रिटायरमेंट पर न निकले और यूपीएस के माध्यम से सरकार का अंशदान 14 प्रतिशत से बढा कर 18.5 प्रतिशत करके शेयर बाजार में और अधिक राशि निवेशित करने की मंशा मात्र है। कर्मचारियों में बिना आपत्ति लिए यूपीएस नोटिफिकेशन जारी करने पर भारी नाराजगी जताई है। ओपीएस आंदोलन में प्रदेश के सभी कर्मचारी संगठनों हरियाणा कर्मचारी महासंघ, सर्व कर्मचारी संघ, हजरस, पीएसएस, हसला, मास्टर वर्ग एसोसिएशन, क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर सोसाइटी, शारीरिक शिक्षक संघ, एमपीएचडब्ल्यू एसोसिएशन, नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन, डेमोक्रेटिक स्कूल टीचर एसोसिएशन आदि सभी विभागीय संगठनों द्वारा पेंशन बहाली संघर्ष समिति को समर्थन दिया गया है। एक अप्रैल 2025 से केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय कर्मचारियों पर यूपीएस लागू कर दी गई और 30 जून तक कर्मचारियों को यूपीएस चुनने का विकल्प दिया गया लेकिन अभी तक 30 लाख केंद्रीय कर्मचारियों में से केवल 31555 कर्मचारियों ने ही यूपीएस को अपनाया है। जिसकी जानकारी खुद केंद्रीय राज्यमंत्री पंकज चौधरी द्वारा लोकसभा में दी गई है। अनूप लाठर और वजीर शर्मा ने कहा कि इससे स्पष्ट होता है कि एनपीएस और यूपीएस कर्मचारियों की कभी मांग नही रही, एनपीएस औए यूपीएस को जबरदस्ती कर्मचारियों पर थौंपा जा रहा है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर सुनील खटकड़, संजीव ढांडा, जितेंद्र बेनीवाल, रूपेंद्र गोयत, डा. विशाल रेढू, अनिल नगूरां, वेदप्रकाश, राममेहर रेढू, ओमपाल ढांडा, मोहन लाल, सुनील कालीरमन, रमेश लोहान सहित अनेक कर्मचारी नेता मौजूद रहे।


कैथल। नारेबाजी करते रोडवेज कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### एनपीएस व यूपीएस के विरोध में कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन

**कैथल।** हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन कैथल डिपो के प्रांगण में कर्मचारियों के साथ मीटिंग करके एनपीएस और यूपीएस पेंशन स्कीम का काली पट्टी बांध कर विरोध किया सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान शिवचरण ने ऐनपीएस और यूपीएस का कड़े शब्दों में विरोध किया और कहा यह पेंशन स्कीम कर्मचारी हित में नहीं है कर्मचारियों को केवल पुरानी पेंशन ही दी जाए । हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन रजिस्टर नंबर 01 (संबंधित सर्व कर्मचारी संघ )के राज्य के उप प्रधान ने कहा कि कर्मचारियों की मांग केवल पुरानी पेंशन है । जो कर्मचारी हित में है और बुढ़ापे का एकमात्र सहारा भी है हम कर्मचारी कई वर्षों तक विभागों में पब्लिक सेवा करते रहते हैं । इसलिए हम पुरानी पेंशन की मांग करते हैं । डिपो प्रधान अमित कुमार कुंडू ने कैथल डिपो के कर्मचारियों की समस्याओं पर विचार करते हुए कहा कि डिपो में कर्मचारियों की बहुत समस्याएं हैं उनका भी समाधान किया जाए। डिपो सचिव कृष्ण गुलियाना ने कहा की कर्मचारियों की समस्याओं के बारे में पहले भी जीएम साहब को एक मांग पत्र दिया था लेकिन उस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है । बाद में महाप्रबंधक कैथल डिपो को बुलाकर सभी मांगों को शीघ्र ही पूरा करने का आश्वासन दिया है । इस अवसर पर अचिंतराज , मुकेश कोहली, जसमेल श्योकंद, दलवीर देवबन , सतवीर बालू, वीरेंद्र बालू , अनूप कुमार, संदीप जाजवान, अनिल मिर्जपुर,सोमबीर, सुरेश मराठा, विनोद कुमार, शिशपाल देवबन, राजीव जखोली आदि मौजूद रहे।

---

# लोगों को नलों पर टेप लगाने के लिए किया जागरूक


जींद। जांच करते हुए टीम। फोटो :हरिभूमि

- जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वछता सहायक संगठन हरियाणा की संयुक्त टीम ने घर-घर जाकर किया सर्वे
- विद्यार्थियों व ग्रामीणों को नलों पर टेप लगाने के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जल संरक्षण अभियान के तहत गांव खरकरामजी में शुक्रवार को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की संयुक्त टीम ने जल संरक्षण अभियान के तहत पेयजल की जांच की व घर-घर जाकर लोगों को नलों पर टेप लगाने के लिए जागरूक किया। इस मौके पर कैमिस्ट विरेंद्र सिंह, जिला सलाहकार रणधीर मताना, खंड समन्वयक दिनेश मलिक सहित विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

बुढाखेड़ा में खंड समन्वयक सुरेन्द्र दुग्गल ने जल संरक्षण अभियान के तहत नलों पर टेप, पेयजल जांच के लिए लोगों को जागरूक किया। विभाग की टीम गांव खरकरामजी में पहुची और वहां जलघर से पानी के सैंपल एकत्रित किए। टीम ने मौके पर ही पेयजल आपूर्ति में क्लोरिनेशन चैक की जोकि सही पाई गई। टीम ने जलघर में स्टोरेज टैंक, कलीयर वाटर टैंक, फिल्टर मीडिया, क्लोरिनेशन डोजर व साफ-सफाई की चैंकिंग की गई। इसके बाद टीम ने स्कूल में विजिट की और वहां क्लोरिनेशन चैक की जो सही पाई गई। इस मौके पर विद्यार्थियों की पेयजल संरक्षण व पेयजल जांच के बारे में बताया गया और वहां आईईसी सामग्री वितरित की गई। इसके बाद टीम ने घर-घर जाकर पेयजल के सैंपल लिए। इस मौके पर नलों पर टेप लगाने, पेयजल बिल भरने के प्रति जागरूक किया गया। टीम ने पेयजल समस्या का समाधान के लिए विभाग के टोल फ्री नंबर 1800180 5678 से अवगत करवाया।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने बताया कि गर्मी के मौसम में पेयजल संकट को ध्यान में रखते हुए जिले में जल संरक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की संयुक्त टीम द्वारा खंड समन्वयक के नेतृत्व मे गांव व शहर की पेयजल पाइप लाइन को लीकेज फ्री करके जीरो लीकेज किया जा रहा है। इसके साथ ही इस अभियान में हर कनैक्शन पर टेप लगवाना, अस्वच्छ कनेक्शन की पहचान करके उन्हें ठीक करवाना, पेयजल आपूर्ति में क्लोरिनेशन चैक करवाने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

---

# एसडी कन्या कॉलेज में स्थापना दिवस पर होनहार छात्राएं की सम्मानित

- नए सत्र का शुभारंभ हवन से बच्चों ने प्रस्तुत किए कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

एस डी कन्या महाविद्यालय नरवाना के प्रांगण में विद्यालय के नए सत्र की शुरुआतए स्थापना दिवस एवं दसवीं तथा 12वीं की छात्राओं द्वारा हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा आयोजित परीक्षाओं में द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रबंधक समिति के प्रधान श्री सुरेश सिंघल जी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की कार्यक्रम की शुरुआत में नए सत्र के प्रारंभ के लिए हवन का आयोजन किया गया जिसमें प्रबंधक समिति ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना के लिए आहुतियां डाली कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा रंगारंग प्रस्तुति के द्वारा दर्शकों का मन मोह लिया। प्रधानाचार्या नीना गुप्ता ने बताया कि 12वीं कॉमर्स में यशिका सुपुत्री सूरजभान ने 500 में 495 तथा कोमल सुपुत्री श्री कृष्ण ने 500 में से 495 अंक प्राप्त कर हरियाणा प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा दसवीं कक्षा में निधि सुपुत्री श्री रणधीर ने 500 में से 495 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं पूरे नरवाना क्षेत्र का नाम रोशन किया। दोनों छात्राओं को 31000-31000 हजार रुपए देकर सम्मानित किया गया।



### शिक्षा भारती स्कूल में मनाई शहीद उधम सिंह जयंती

**नरवाना।** शिक्षा भारती मॉडल स्कूल के प्रांगण में आज शहीद उधम सिंह के शहादत दिवस को लेकर असाधारण उत्साह और गौरव की भावना देखने को मिली। राष्ट्रीय भावना से ओत.प्रोत इस समारोह में विद्यालय के छोटे.छोटे बच्चों से लेकर बड़े विद्यार्थियों तक सबने देशभक्ति की भावना के साथ भाग लिया। स्कूल परिसर में विशेष रूप से तैयार किए गए शहीद उधम सिंह के चित्रों और तिरंगे से सजे मंच पर बच्चों का जोश देखते ही बनता था। देशभक्ति के गीतों की मधुर धुन के साथ मार्च करते हुए बच्चों के चेहरों पर गर्व की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही थी। विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अपनी.अपनी प्रस्तुतियों के लिए अनुशासन का परिचय दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य नवीन शर्मा ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में शहीद उधम सिंह के बलिदान और देशभक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसे महान स्वतंत्रता सेनानी हमारे लिए प्रेरणा के स्रोत हैं और बच्चों में राष्ट्रप्रेम की भावना का संस्कार डालते हैं। उ विद्यालय के डायरेक्टर वीरेंद्र बिढान ने बच्चों के साथ व्यक्तिगत रूप से बातचीत करते हुए उनकी देशभक्ति की भावना की सराहना की। विद्यालय के चेयरमैन प्रवीण कुमार ने इस प्रेरणादायक कार्यक्रम की भूरि.भूरि प्रशंसा की।

# नवनियुक्त खंड शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र आजाद का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना


नरवाना। उपमंडल शिक्षा अधिकारी का स्वागत करते हुए।

उपमंडल नरवाना के खंड शिक्षा अधिकारी नरवाना बनने पर राजेंद्र आजाद को शिक्षा अधिकारियों शैक्षणिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने शुभकामनाएं देकर करवाया पद ग्रहण। सबसे पहले लघु सचिवालय के मुख्य द्वार पर नवनियुक्त खंड शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र आजाद का जोरदार तिलक लगाकर फूल मालाओं और पुष्प गुच्छ से सैंकड़ों शिक्षा जगत के सितारों द्वारा स्वागत किया गया।

राजेश टांक ने बताया कि सबसे पहले कार्यालय में मां सरस्वती को पुष्प अर्पित करके सभी उपस्थित महानुभावों के साथ नरवाना खंड के शिक्षा जगत के लिए पूजा अर्चना और प्रार्थना की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता और मंच संचालन प्राचार्य बलजीत गोयत ने शुभकामनाओं के साथ किया। सर्वप्रथम पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी डॉक्टर ज्योति श्योकन्द ने शुभकामनाएं और आशीर्वाद दियाए इसके साथ.साथ पूर्व उपजिला शिक्षा अधिकारी बलजीत सिंह पूनिया ने राजेंद्र आजाद के शैक्षणिक कार्यों की सराहना की।

कलायत के खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश नैन ने इन्हें अपना बड़ा भाई और मार्गदर्शक बताते हुए इससे सीख लेकर हमेशा कर्तव्य के पथ पर आगे बढ़ाने की प्रेरणा लेने की बात कही। पूर्व प्राचार्य और खाप प्रवक्ता किताब सिंह मोर ने शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के क्षेत्र में काम करने के साथ.साथ युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए बी0ई0ओ0और सभी प्रधानाचार्य और शिक्षकों से नशा मुक्ति बांगर क्षेत्र करने की अपील की।

---

# जिले को कुपोषण से मुक्त करने के लिए जिम्मेदारी से काम करें: एडीसी

- हर बच्चे को पर्याप्त, संतुलित और पौष्टिक भोजन मिले : एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


कैथल। एडीसी दीपक बाबू लाल करवा अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

शुक्रवार को लघु सचिवालय में कुपोषण मुक्त अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने कहा कि जिले को कुपोषण से मुक्त करने के लिए सभी अधिकारी जिम्मेदारी के साथ काम करें। हम सबको मिलकर जिला को कुपोषण मुक्त बनाना है। हर बच्चे को पर्याप्त, संतुलित और पौष्टिक भोजन मिले, जिससे कोई भी बच्चा कुपोषण का शिकार न हो।

एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने सर्कल अनुसार कुपोषित बच्चों से संबंधित जानकारी ली तथा स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रस्तुत किए गए कुपोषित बच्चों के आंकड़ों का आंकलन किया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा अधिकारियों को आदेश दिए कि आरबीएसके की टीम द्वारा चिन्हित किए गए कुपोषित बच्चों को क्रॉस चेक किया जाए। जब भी टीमें स्कूलों का दौरा करती हैं तो वे गांव की आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों का चेकअप करना सुनिश्चित करें। सुनिश्चित करें कि कुपोषित बच्चों के आंकड़ों में कोई अंतर न हो।

---

## पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी हिस्सा लें विद्यार्थी : देवेंद्र अत्री

# 200 मीटर में रोहित, 1500 मीटर में हरवंश प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना


उचाना। छह दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री। फोटो :हरिभूमि

गांव खरकभूरा के स्टेडियम में खंड स्तरीय विद्यालय प्रतियोगिता आयोजित हुई। छह दिनों तक चलने वाले इस प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री द्वारा किया गया। अध्यक्षता बीईओ पुष्पा रानी ने की। प्रतियोगिता में सरकारी, गैर सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी हिस्सा ले रहे है। अंडर 14, 17 एवं 19 में लड़के, लड़कियों की प्रतियोगिता आयोजित होगी। विजेता प्रतिभागी जिलास्तर पर होने वाली प्रतियोगिता का हिस्सा बनेंगे। उचाना ब्लॉक के 2200 विद्यार्थी प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। विधायक ने दौड़ प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाकर शुरूआत की। विधायक ने प्रदेश एवं केंद्र सरकार द्वारा खिलाडियों के लिए दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं एवं पुरस्कारों का विस्तार पूर्वक वर्णन करते हुए कहा कि आज प्रदेश की खिलाडियों के लिए जो नीति सीएम नायब सिंह सैनी ने बनाई है उसकी हर कोई प्रशंसा कर रहा है। खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर सरकार अनेकों योजनाएं खिलाडियों को लेकर आ रही है। प्रदेश के खिलाड़ी निरंतर खेलों के माध्यम से प्रदेश का नाम रोशन कर रहे है। होनहार खिलाड़ी प्रदेश का गौरव है। सरकार द्वारा खिलाडियों के लिए नौकरियों में कोटा निर्धारित किया गया है। अब पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में हिस्सा लेना भी जरूरी है। खेल के माध्यम से युवा अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर सकते है। प्रतिभाओं की कोई कमी ग्रामीण क्षेत्र में नहीं है। निरंतर सुविधाएं मुहैय्या करवाने का काम सरकार कर रही है।

### आदि मौजूद रहे। यह रहे परिणाम

200 मीटरमें प्रथम रोहित, द्वितीय केशव उचाना मंडी, तृतीय मंदीप छात्तर रहा। 300 मीटर रेसमें प्रथम सौरभ उचाना, द्वितीय शुभम उचाना खुर्द, तृतीय अरनाम बडनपुर रहे। 400 मीटर रेस में प्रथम हरवंश घसो, द्वितीय सौरभ झील, तृतीय अंकित लोधर रहे। 1500 मीटरमें प्रथम दीशू उचाना खुर्द, द्वितीय समीर घोघड़िया, तृतीय दीपक घोघड़िया रहे। कुश्तीमें प्रथम वीर सिंह खेड़ी मंसानिया, द्वितीय जनक भौंगरा रहे।